बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, वेबसाईट : bsea.bihar.gov.in

पटना/दिनांक 28/07/2021

अधिसूचना

संख्या-नि॰ प्रा॰/ नि॰ 1-06/2017 1095 प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 612 दिनांक 16.03.2021 द्वारा खजौली व्यापार मंडल सहयोग समिति लि0 के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन हेतु अधिसूचित कार्यक्रम को कोरोना संक्रमण के कारण प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 765 दिनांक 12.04.2021 द्वारा स्थगित किया गया था। उक्त स्थगन के पूर्व ही अभ्यर्थिता वापसी की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी थी। मात्र मतदान एवं मतगणना शेष था।

2. अत: उक्त स्थगन को वापस लेते हुए अधिसूचना संख्या 612 दिनांक 16.03.2021 के क्रम में खजौली व्यापार मंडल सहयोग समिति लि0 के प्रबंधकारिणी कमिटी के निर्वाचन हेतु निम्नवत मतदान एवं मतगणना की तिथि निर्धारित की जाती है:-

क्र०	निर्वाचन का प्रक्रम	तिथि
i	मतदान, यदि आवश्यक हो	दिनांक 10.08.2021 (मंगलवार) (6:30 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक)
ii	मतगणना	दिनांक 10.08.2021 (मंगलवार) (मतदान के तुरंत पश्चात)

3. प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), खजौली, मधुबनी इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का अक्षरश: अनुपालन किया जाना भी सुनिश्चित करेंगे। बाढ़ की स्थिति में यदि चुनाव कराना संभव नहीं हो तो जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0) चुनाव स्थगित करने की अनुशंसा प्राधिकार से कर सकेंगे।

4. उक्त अधिसूचना संख्या- 612 दिनांक 16.03.2021 की अन्य बातें यथावत रहेंगी।

28/7/21

(गिरीश शंकर)

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1095 पटना/ दिनांक 28/07/2021

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1095 पटना/ दिनांक 28/07/2021

प्रतिलिपि: प्रमंडलीय आयुक्त, दरभंगा/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), मधुबनी/ उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स0स0), मधुबनी/ पुलिस

अधीक्षक, मधुबनी/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, मधुबनी/ प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), खजौली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), मधुबनी से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

3. प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), खजौली को सूचित किया जाता है कि व्यापार मंडल निर्वाचन के संचालन हेतु प्राधिकार के पत्रांक 688 दिनांक 04.08.2017 द्वारा दिये गये अनुदेश यथा संशोधनों के साथ (Mutatis Mutandis) लागू होंगे। यह अनुदेश प्राधिकार के बेवसाईट www.bsea.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1095 पटना/ दिनांक 28/07/2021

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1095 पटना/ दिनांक 28/07/2021

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1095 पटना/ दिनांक 28/07/2021

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी